भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली: 21 मार्च, 2024

विषय: फरवरी, 2024 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सार (सं.- 2)।

फरवरी 2024 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन नीचे दिए गए हैं:-

1. **"मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान**

1.1 भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा आरंभ किए गए "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान का उद्देश्य युवा, विशेष रूप से पहली बार के मतदाताओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 25.02.2024 को आकाशवाणी पर अपने **मन की बात संबोधन** में इस अभियान का उल्लेख किया। माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए, दिनांक 27.02.2024 को एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से **#MeraPehlaVoteDeshKeLiye एंथम** लॉन्च किया। माननीय प्रधान मंत्री ने उसी दिन, एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट के माध्यम से **पहली बार के मतदाताओं के बीच "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान** के संदेश के प्रसार के लिए समाज के सभी वर्गों के लागों को आमंत्रित किया।

1.2 शिक्षा मंत्रालय और MyGov के समन्वय से चलाया जा रहा यह अभियान अब **'जन आंदोलन'** का रूप ले चुका है। देश भर के उच्चतर शिक्षा संस्थानों में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं, सेमिनारों, फ्लैश मॉब, वोट प्लेज ड्राइव, प्रतियोगिताओं और क्विज़ जैसे भौतिक कार्यक्रमों को **व्यापक कवरेज** प्रदान किया गया है।

1.3 प्रभावी समन्वय के साथ, इस अभियान में खेल, मनोरंजन, व्यवसाय आदि के क्षेत्र से **प्रमुख व्यक्तियों** और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) द्वारा **सोशल मीडिया आउटरीच के साथ ऑनलाइन जुड़ाव** तथा प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने हैशटैग **#MeraPehlaVoteDeshKeLiye** के तहत वीडियो, इमेजिस और ग्राफिक्स रीलों का उपयोग करके व्यापक भागीदारी देखी गई।

1.4 समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी (एनएसडी: एआईआर) द्वारा जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, **"भारत विकास डायरी"** नामक एक नया कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम प्रत्येक निर्वाचन

क्षेत्र की जनसांख्यिकीय संरचना में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिसमें मतदाता जनसांख्यिकी, पिछले चुनावों में कुल मतदान आदि शामिल हैं।

2. **विकसित भारत@2047** और **विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई)**

2.1 सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 27.02.2024 को फिक्की द्वारा उद्योग -आधारित पहल के रूप में आयोजित एक राष्ट्रीय कॉन्क्लेव **"विकसित भारत @2047- विकसित भारत और उद्योग"** के आयोजन की सुविधा प्रदान की। इस कॉन्क्लेव में 2047 तक एक समावेशी और विकसित भारत के निर्माण के आह्वान का समर्थन किया गया और इसमें 'फॉर्मर्स फर्स्ट', 'वित्तीय रूप से समावेशी और सशक्त', 'वीमेन लेड डेब्लेपमेंट' और 'मेक इन इंडिया: आत्मनिर्भर भारत' के रूप में प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया। माननीय वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में इस सम्मेलन का उद्घाटन किया गया, इस सम्मेलन में अन्य केंद्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रमुखों ने भाग लिया।

2.2 माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने 17.02.2024 को **आईएमसी-वाईएलएफ यूथ कॉन्क्लेव के चौथे** संस्करण का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। माननीय मंत्री जी ने अपने उद्घाटन संबोधन में, भारत को एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने में **'विज़न विकसित भारत@2047'** में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया और युवाओं से राष्ट्रीय विकास के लिए अवसरों का और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का आग्रह किया।

2.3 विभिन्न राज्य-स्तरीय विकसित भारत कार्यक्रमों में **नागरिकों के साथ माननीय प्रधान मंत्री की बातचीत को** मीडिया कवरेज के माध्यम से प्रभावी ढंग से बढ़ाया गया। फरवरी 2024 माह के उल्लेखनीय कार्यक्रमों में गोवा, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नागरिकों के साथ आयोजित कार्यक्रम शामिल थे।

2.4 'विकसित भारत' पहल के अनुरूप, "**मोदी सरकार की गारंटी**" बैनर के तहत एक मल्टीमीडिया अभियान शुरू किया गया। यह अभियान नारी शक्ति, किसान कल्याण, गरीब कल्याण, मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन में आसानी, वंचित वर्गों का उत्थान और युवा सशक्तिकरण जैसे विषयों पर केंद्रित था। रेडियो, टीवी और सोशल मीडिया सहित विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर रचनात्मक सामग्री प्रसारित की गई।

2.5 एनएमडब्ल्यू ने **विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) और 'परिवर्तनकारी दशक'** के सोशल मीडिया प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनएमडब्ल्यू द्वारा सरकारी स्कीमों और पिछले दशक में हासिल की गई प्रगति को दर्शाने के लिए **#HamaraSankalpViksitBharat, #ViksitBharatSankalpYatra, #DigitalTransformation, और #JaljeevanMission** जैसे हैशटैग का उपयोग करके वीडियो बाइट्स, इमेजिस, रील और ग्राफिक्स पोस्ट किए गए।

**3. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें -**

3.1 माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने 22.02.2024 को **चार परिवर्तनकारी पोर्टलों का अनावरण किया**, जिनका उद्देश्य मीडिया परिदृश्य को आधुनिक बनाना और भारत में व्यापार करने में आसानी की सुविधा प्रदान करना है:

क. **प्रेस सेवा पोर्टल** : प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (पीआरजीआई - पूर्ववर्ती आरएनआई) द्वारा प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 (पीआरपी अधिनियम, 2023) के तहत विकसित, यह पोर्टल पत्रिकाओं और समाचार पत्रों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया में एक आदर्श बदलाव लाएगा।

ख. सरकार के 360 डिग्री संचार में दक्षता बढ़ाने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के लिए **पारदर्शी पैनल, मीडिया योजना और ई-बिलिंग प्रणाली।**

ग. **नेविगेट भारत पोर्टल** : एनएमडब्ल्यू द्वारा विकसित, यह एकीकृत द्विभाषी प्लेटफ़ॉर्म है जिसे भारत के राष्ट्रीय वीडियो गेटवे के रूप में भी जाना जाता है, और जो विकास और नागरिक कल्याणकारी उपायों से संबंधित सरकारी वीडियोज के लिए लोक पहुंच के साथ एक व्यापक भंडार के रूप में कार्य करता है।

घ. **स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) के लिए राष्ट्रीय रजिस्टर**: प्रसारण सेवा पोर्टल पर उपलब्ध, इस रजिस्ट्री का उद्देश्य एलसीओ को राष्ट्रीय पंजीकरण प्रणाली के तहत लाकर केबल टेलीविजन क्षेत्र में विनियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है।

3.2 **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस )** : मंत्रालय ने माह के दौरान **चार (04) नए सीआरएस शुरू किए हैं** और एक **(01) नए** अनुमति मंजूरी करार **(जीओपीए)** और **पांच (05) नवीनीकृत जीओपीए पर हस्ताक्षर किए हैं।** इस माह के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में 1 से 2 फरवरी, 2024 तक गुवाहाटी, असम में और 20 से 21 फरवरी, 2024 तक शिलांग, मेघालय में **सामुदायिक रेडियो कार्यशालाएँ** भी आयोजित की गईं।

**3.3 चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने माह के दौरान 03 नई अनुमतियां प्रदान की हैं और 04 चैनलों के सरेंडर अनुरोध/निरस्तीकरण को स्वीकार कर लिया है। दिनांक **29.02.2024 तक** भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **910** है।

4. दिनांक 25.02.2024 को चंडीगढ़ में चित्र भारती फिल्म समारोह के समापन समारोह के दौरान माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने **चंडीगढ़ में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के एक क्षेत्रीय सुविधा कार्यालय की स्थापना की घोषणा की।** माननीय मंत्री जी ने इस बात पर बल दिया कि सीबीएफसी सुविधा कार्यालय क्षेत्रीय फिल्मों के लिए प्रमाणन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा, जिससे विशेष रूप से पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री को लाभ होगा।

5. **'विश्व रेडियो दिवस'** के अवसर पर दिनांक **13.02.2024** को सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के सहयोग से चेन्नई में दो दिवसीय **क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन (दक्षिण)** का आयोजन किया। यह सम्मेलन 'भारत में सामुदायिक रेडियो के 20 वर्ष पूरे होने के जश्न' विषय के तहत आयोजित किया गया और इसमें 104 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) ने भागीदारी की। सम्मेलन के दौरान, माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर ने **'भारत में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना के लिए संशोधित नीति दिशानिर्देश' का अनावरण किया।** इसके अतिरिक्त, दिनांक 12.02.2024 को प्रमुख सामुदायिक स्टेशनों के लिए एक **कार्यशाला का** आयोजन किया गया, साथ ही दिनांक 13.02.2024 को दिल्ली में एक **रेडियो फेस्टिवल सेलिब्रेशन** भी आयोजित किया गया।

6. दिनांक 15.02.2024 को, श्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में **प्रसारण इंजीनियरिंग सोसाइटी (बीईएस) एक्सपो, 2024 में प्रसारण और मीडिया टेक्नोलॉजी पर 28वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।** अपने संबोधन के दौरान, माननीय मंत्री ने भारत के प्रसारण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय की प्रतिबद्धता और प्रसार भारती के विकसित होती प्रौद्योगिकी के अनुकूल ढलने के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर बल दिया।

7. **किसान कल्याण:** डीडी न्यूज ने किसानों के कल्याण के लिए सरकार के विभिन्न प्रयासों, सरकार और आंदोलनकारी किसान संगठनों के बीच बातचीत तथा इस विरोध के कारण समाज के विभिन्न वर्गों को होने वाली कठिनाइयों सहित विरोध प्रदर्शन के सामाजिक प्रभावों पर **प्रकाश डालते हुए विशेषज्ञों के साथ ग्राउंड रिपोर्ट,** अपडेट और चर्चा शो को कवर किया। एनएमडब्ल्यू ने वीडियो रीलों, एक्सप्लेनर वीडियो, ग्राफिक्स आदि का उपयोग करके किसानों के कल्याण को प्रदर्शित करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग किया, जिसे हैशटैग **#Farmersfirst**, **#EmpoweringAnnadatas** और **#FarmersWelfare** का उपयोग करके साझा किया गया। प्रकाशन प्रभाग ने **"लाभकारी खेती"** पर ध्यान केंद्रित करते हुए **"कुरुक्षेत्र" पत्रिका** का मार्च 2024 अंक प्रकाशित किया, जिसमें प्रासंगिक दृश्यों और इन्फोग्राफिक्स के साथ आठ लेख शामिल थे।

8. **केंद्रीय बजट 2024-25** और **संसद के बजट सत्र** का कवरेज: डीडी न्यूज ने बजट सत्र और केंद्रीय बजट के विभिन्न पहलुओं को कवर किया, जिसमें माननीय राष्ट्रपति जी और प्रधान मंत्री जी के भाषणों के साथ-साथ वित्त मंत्री जी के साथ साक्षात्कार और अन्य विशेष कार्यक्रम भी शामिल है। आकाशवाणी और एनएसडी: आकाशवाणी ने विषय विशेषज्ञों के साथ **चर्चा/कमेंन्ट्री और विशेष साक्षात्कार** प्रसारित किए। पत्र सूचना कार्यालय ने सभी राज्यों तक पहुंच की सुविधा के लिए **बहुभाषी प्रेस विज्ञप्तियां** जारी कीं, जबकि एनएमडब्ल्यू ने दर्शकों के ध्यानाकर्षण के लिए **#UnionBudget2024** और **#InterimBudget** जैसे प्रासंगिक हैशटैग के साथ वीडियो, ग्राफिक्स और लाइव अपडेट साझा करते हुए सोशल मीडिया अभियान का नेतृत्व किया।

9. **बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (बर्लिनेल) 2024** के दौरान, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में एक **'इंडिया पवेलियन'** का जर्मनी में यूरोपीय फिल्म बाजार भारत के राजदूत एच. ही. पर्वतनेनी हरीश और अभिनेता मनोज बाजपेयी ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ उद्घाटन किया। इस पवेलियन में विभिन्न बैठकों और कार्यकलापों की मेजबानी की गई, जिसमें ब्रेकफास्ट नेटवर्किंग सत्र था जिसमें फिल्म स्टार अल्लू अर्जुन विशिष्ट अतिथि थे और अंतरराष्ट्रीय फिल्म प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

10. **नए आपराधिक कानूनों (एनसीएल)** पर जागरूकता सृजन: गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआर एंड डी) द्वारा प्रदान की गई प्रचार सामग्री, जैसे **फ़्लायर्स और पोस्टर,** का उपयोग और प्रचार एनएसडी: एआईआर और डीडी न्यूज़ के माध्यम से किया गया, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं। नए आपराधिक कानूनों (एनसीएल) से संबंधित घटनाओं और कार्यकलापों को **समाचार बुलेटिन और विशेष चर्चा कार्यक्रमों** के माध्यम से बड़े पैमाने पर कवर किया गया। एनसीएल के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में जागरूकता सृजित करने के लिए **एक्सप्लेनर्स और क्रिएटिव सहित** पत्र सूचना कार्यालय से प्रेस विज्ञप्तियां मीडिया आउटलेट्स और क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रसारित की गईं।

11. प्रगति मैदान, नई दिल्ली में **नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2024** के दौरान प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने 10 फरवरी 2024 को **'इंडिया 2024' एनुअल रेफरेंस बुक** और **'कैरियर कॉलिंग'** पुस्तक का अनावरण किया। इसके अतिरिक्त, 15 फरवरी 2024 को प्रतिष्ठित लेखकों के साथ एक **पैनल चर्चा** आयोजित की गई, जिसमें 'करियर कॉलिंग' बुक के कन्ट्रीब्यूटर्स, छात्रों और नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को एक साथ लाया गया। डीपीडी ने 'बहुभाषी भारत' की थीम के अनुरूप अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, संस्कृत और अन्य भारतीय भाषाओं में पुस्तकों की विविध श्रृंखला प्रदर्शित की।

12. **प्रकाशन/बुकलेट**

12.1 मंत्रालय ने **पीएम के मन की** बात पुस्तिका **का जनवरी 2024 संस्करण कवर स्टोरी 'देव से देश'** के साथ जारी किया है। इसमें मीडिया प्रतिक्रियाओं के साथ-साथ माननीय प्रधान मंत्री द्वारा उल्लिखित विषयों पर कहानियां और प्रशंसापत्र भी शामिल हैं। इसका ई-संस्करण ई-संपर्क के माध्यम से 6 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंचा, और यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय, माईगॉव, पीएम इंडिया आदि की वेबसाइटों पर उपलब्ध है। मुद्रित पुस्तिका सभी माननीय सांसदों और विधायकों, भारत सरकार और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय को वितरित की जाती है।

12.2 **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)** के फरवरी 2024 के पाक्षिक संस्करण में *"रामराज - अयोध्या में भव्य-दिव्य राम मंदिर का निर्माण"* और *"विकसित भारत का चतुर्भुज"* शीर्षक वाली कवर स्टोरी शामिल थीं। 13 भाषाओं में प्रकाशित, एनआईएस को सीबीसी द्वारा देश

भर में वितरित किया गया था, जबकि ई-संस्करण को ई-संपर्क के माध्यम से ईमेल के माध्यम से पाठकों के साथ साझा किया गया।

13. **विशेष कवरेज /आर्टिकल:**

13.1 माननीय प्रधान मंत्री द्वारा **संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज पर** श्रद्धांजलि के रूप में लेख लिखा गया और ये राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों के **380 संस्करणों** में प्रकाशित हुआ था।

13.2 प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय ने भारत के माननीय राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति और माननीय प्रधान मंत्री द्वारा अनुग्रहित सभी **महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार** प्रदान किया। इन आयोजनों में उद्यान महोत्सव, विश्व सरकार शिखर सम्मेलन 2024, अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन, श्रीलंका और मॉरीशस में यूपीआई सेवाओं का शुभारंभ आदि शामिल हैं।

13.3 डीडी न्यूज ने 2024 के आम चुनावों से पहले '**राज्य नीति'** और **'24 की चुनौती'** नामक विशेष शो शुरू किए जिसमें विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा के माध्यम से विभिन्न राज्यों में राजनीतिक परिदृश्य की जानकारी प्रदान की जा रही है।

14. भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिणी दिल्ली-03 के अध्यक्ष कार्यालय के रूप में कार्य करते हुए अन्य संस्थाओं के सहयोग से दिनांक 23.02.2024 को **राजभाषा सम्मेलन** का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सचिव, राजभाषा, गृह मंत्रालय, प्रतिष्ठित वक्ताओं और वरिष्ठ पत्रकारों सहित 104 उपस्थित लोगों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, उसी दिन आईआईएमसी कर्मचारियों के लिए **"अनुवादिनी" पर एक कार्यशाला** भी आयोजित की गई।

15. **सामग्री विनियमन**

15.1 निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों द्वारा कार्यक्रम संहिता के उल्लंघन के छह मामलों पर विचार करने के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम 2021 के तहत गठित अंतर विभागीय समिति की बैठक दिनांक 06.02.2024 को आयोजित की गई।

15.2 **सामग्री को ब्लॉक करना:** मंत्रालय ने आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के अंतर्गत आने वाली सामग्री के लिए, आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों के अंतर्गत 2 फेसबुक अकाउंट, 2 इंस्टाग्राम अकाउंट, 1 यूट्यूब चैनल, 6 फेसबुक यूआरएल, 1 मेटा यूआरएल, 8 ट्विटर यूआरएल, 4 यूट्यूब यूआरएल, 1 इंस्टाग्राम यूआरएल और 1 वेबसाइट यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए।

16. **मीडिया यूनिटों के कार्यकलापों का विवरण**

16.1 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी): पत्र सूचना कार्यालय और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **8,282 से अधिक प्रेस विज्ञप्तियां जारी कीं** और **7** वार्तालाप आयोजित किए। नागरिकों के बीच केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों के बारे में

जागरूकता के प्रसार के लिए **'विशेष विषयों'** के लगभग **56 महत्वपूर्ण लेख** प्रकाशित किए गए, जिससे देश भर में लगभग **530 क्लिपिंग** प्राप्त हुईं। पत्र सूचना कार्यालय फैक्ट चेक यूनिट ने **28 फर्जी खबरों को खारिज किया** और 39 ट्वीट पोस्ट किए।

16.2 **केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी)**: माह के दौरान, सीबीसी ने एक व्यापक आउटरीच रणनीति तैयार की, जिसमें प्रमुख समाचार पत्रों में **58 स्ट्रिप विज्ञापन** (प्रति दिन 2) और विभिन्न पत्रिकाओं में दो प्रिंट विज्ञापन जारी किए गए**,** जिनमें से प्रत्येक में **सरकार की प्रमुख योजनाओं** के महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। हमारा संकल्प विकसित भारत, विकसित भारत संकल्प यात्रा, आयुष्मान भारत, उज्वला स्कीम, पीएम विजन 2047 आदि जैसे विषयों पर देश भर में सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) द्वारा एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी), फील्ड कार्यक्रम और जागरूकता अभियान आयोजित किए गए।

16.3 **सोशल मीडिया कवरेज :** मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **556 विशिष्ट ग्राफिक्स, वीडियो, रील**, **इमेज**, **पोस्ट, ट्वीट** इत्यादि का प्रसार कर विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार किया। इन प्रयासों का उद्देश्य प्रमुख पहलों और घटनाओं के बारे में जनता को जोड़ना और सूचित करना, डिजिटल प्लेटफार्मों पर व्यापक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देना था। **मेरा पहला वोट देश के लिये** और अन्य प्रमुख अभियान जैसे विकसित भारत संकल्प यात्रा, परिवर्तनकारी दशक, केंद्रीय बजट 2024, किसान कल्याण, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, ब्लू फ्लैग समुद्र तट, एमआईबी पॉडकास्ट, एमआईबीपॉजिटिव, वीकनामा आदि पर इन्फोग्राफिक्स, रील्स, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से प्रकाश डाला गया।

सी. सेंथिल राजन

(सी. सेंथिल राजन)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23382597